



# दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी के बीच पहला गेम ड्रॉ

**बटुमी ( जॉर्जिया ) 26 जुलाई.** बटुमी (जॉर्जिया)। बहुप्रतीक्षित महिला शतरंज विश्व कप फाइनल का पहला गेम शनिवार को युवा खिलाड़ी दिव्या देशमुख और अनुभवी ग्रैंडमास्टर (जीएम) कोनेरू हम्पी के बीच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

> ▸ महिला शतरंज विश्व कप फाइनल

जॉर्जिया के बटुमी में लगभग तीन घंटे तक चली यह तनावपूर्ण और गतिशील 41 चालों की लड़ाई थी। 19 वर्षीय इंटरनेशनल मास्टर (आईएम) दिव्या देशमुख, सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए, इस स्तर पर अपने पहले फाइनल में काफी महत्वाकांक्षा के साथ उतरीं। उन्होंने स्न4 की ओपनिंग चुनकर कई लोगों को चौंका दिया, जिसका उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक उपयोग नहीं किया था, यह इस बात का संकेत था कि वह इस मैच के लिए पूरी तरह से तैयार थीं।

# भारत-पाक मैच 14 सितंबर को

## यूएई में होगा टी-20 एशिया कप, आठ टीमें होंगी शामिल

**नई दिल्ली 26 जुलाई. एशिया कप के 17वें संस्करण की मेजबानी यूएई करने वाला है. टूर्नामेंट का आगाज 9 सितंबर से होगा और फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा. एशिया कप का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया गया है, जिसमें कुल 8 टीमें भाग लेंगी.**

यह पहली बार है जब एशिया कप में 8 टीम हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है. प्रत्येक ग्रुप में चार-चार टीम मौजूद हैं. ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को रखा गया है. वहीं अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और हॉन्ग कॉन्ग को ग्रुप-बी में रखा गया है. प्रत्येक ग्रुप में मौजूद चार टीम एक-दूसरे से एक-एक बार खेलेंगी. उसके बाद दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीम सुपर-4 स्टेज में पहुंचेंगी. सुपर-4 चरण में जो टीम पहले दो स्थानों पर टॉप फिनिश करेंगी, उनके बीच 28 सितंबर को खिताबी भिड़ंत होगी. एशिया कप 2025 में भारतीय टीम अपना पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ खेलेगी. दूसरा मैच 14 सितंबर को पाकिस्तान और ग्रुप स्टेज में टीम इंडिया का आखिरी मैच 19 सितंबर को ओमान के साथ होगा.

> 9 से 28 सितंबर तक टी-20 प्रारूप में होगा एशिया कप
>
> अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका भी लेंगे हिस्सा
>
> ओमान, यूएई और हांगकांग के खिलाड़ी भी हाथ आजमाएंगे

### एशिया कप 2025 का पूरा शेड्यूल

**ग्रुप स्टेज**

**9 सितंबर-** अफगानिस्तान बनाम हॉन्ग कॉन्ग
**10 सितंबर-** भारत बनाम यूएई
**11 सितंबर-** बांग्लादेश बनाम हॉन्ग कॉन्ग
**12 सितंबर-** पाकिस्तान बनाम ओमान
**13 सितंबर-** बांग्लादेश बनाम श्रीलंका
**14 सितंबर-** भारत बनाम पाकिस्तान
**15 सितंबर-** यूएई बनाम ओमान
**15 सितंबर-** श्रीलंका बनाम हॉन्ग कॉन्ग
**16 सितंबर-** बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान
**17 सितंबर-** पाकिस्तान बनाम यूएई
**18 सितंबर-** श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान
**19 सितंबर-** भारत बनाम ओमान

**सुपर-4 स्टेज और फाइनल मैच**

**20 सितंबर-** बी1 बनाम बी2
**21 सितंबर-** ए1 बनाम ए2
**23 सितंबर-** ए2 बनाम बी1
**24 सितंबर-** ए1 बनाम बी2
**25 सितंबर-** ए2 बनाम बी2
**26 सितंबर-** ए1 बनाम बी1
**28 सितंबर-** फाइनल





# सात्विक-चिराग हुए बाहर

**चेन्नई 26 जुलाई.** भारत की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शनिवार को चाइना ओपन 2025 के सेमीफाइनल में मलेशियाई जोड़ी आरोन चिया और सोह वूई यिक से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

> मलेशियाई जोड़ी से 13-21, 17-21 से मिली हार
>
> 42 मिनट में मिली भारतीय जोड़ी को सीधे सेटों में शिकस्त

यह मैच 42 मिनट तक चला, जिसमें भारतीय जोड़ी को 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस जोड़ी का बीडब्ल्यूएफ टूर पर इस साल का तीसरा सेमीफाइनल प्रदर्शन था, इससे पहले वे सिंगापुर ओपन और इंडिया ओपन में भी अंतिम चार तक पहुंचे थे।

> हार के बारे में बात करते हुए चिराग ने कहा, हमने ऐसे स्ट्रोक खेले जो हमें नहीं खेलने चाहिए थे। मुझे लगता है कि आरोन पर ज्यादा, और मुझे लगता है कि यही बात हमसे मैच दूर ले गई।

## एक नजर में

### परनीत ने जीता रजत पदक

**एसेन (जर्मनी).** भारतीय महिला तीरंदाज परनीत कौर ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व विश्वविद्यालय खेलों में महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का रजत पदक अपने नाम किया। आज यहां खेले गये रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारत की परनीत कौर को दक्षिण कोरिया की मून यीउन से 146-147 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। परनीत कौर और कुशल दलाल की जोड़ी ने शुक्रवार को कंपाउंड मिक्स्ड टीम तीरंदाजी स्पर्धा में दक्षिण कोरिया के पार्क येरीन और सेउंगह्युन पार्क की जोड़ी को तीन अंकों से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

### निहाल, अखिलेश ने जीता कांस्य पदक

**क्वालालंपुर (मलेशिया).** भारतीय एथलीट निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिये। मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में निहाल देवाली ने पुरुषों के 63 किलोग्राम और अल्मोड़ा निवासी अखिलेश सिंह ने 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने नाम कर लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने मलेशिया में आयोजित 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में क्रमशः पुरुषों के 63 किलोग्राम और 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। हमें आप दोनों पर गर्व है।

### छत्तीसगढ़ की टीम ने जीते तीन पदक

**रायपुर.** 47वीं अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की टीम ने तीन पदक जीतें हैं। विद्युत कर्मियों ने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में आयोजित दो दिवसीय (22 जुलाई - 23 जुलाई) ब्रिज प्रतियोगिता मे मास्टर्स प्लेयर (पेयर) श्रेणी मे रजत पदक,टीम इवेंट श्रेणी में कांस्य एवं प्रोग्रेसिव श्रेणी में भी कांस्य पदक हासिल करनें मे सफल हुये। इस तरह तीनों श्रेणियों मे राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त करने पर पॉवर कंपनी अध्यक्ष (डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन) डॉ रोहित यादव ने खिला?ियों को बधाई दी। इस उपलब्धि पर छत्तीसग? स्टेट पॉवर कंपनी के केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारीगण अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (जनरेशन) एस.के कटियार, एवं महासचिव एम. एस चैहान ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस स्पर्धा में देवलाल साहू,पंकज चैधरी, अमित देवांगन, शिवेश मिश्रा, दिनेश कुमार देवांगन, हरीश कुमार चैहान ने भाग लिया। कप्तान एवं कोच पंकज चैधरी ने इस सफलता का श्रेय कंपनी प्रबंधन एवं केंद्रीय क्री?ा एवं कला परिषद को दिया। टीम के मैनेजर प्रशांत कुमार उरॉव थे।

### राजस्थान शतरंज संघ चुनाव 28 अगस्त को

**बीकानेर.** राजस्थान शतरंज संघ के कार्यकारिणी के 28 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिये सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान शतरंज संघ के अध्यक्ष महावीर रांका ने शनिवार को बताया कि राजस्थान शतरंज संघ की कार्यकारणी का चार वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। अगली कार्यकारिणी चुनने के लिये पूर्व न्यायाधीश शर्मा राजस्थान शतरंज संघ से संबद्ध जिला शतरंज संघों की नवीनतम मतदाता सूची के अनुसार चुनाव सम्पन्न करवायेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व न्यायाधीश शर्मा से बात करके उनकी सहमति ली जा चुकी है। चुनाव बीकानेर में सम्पन्न किये जायेंगे। इसी अनुसार चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। प्रत्येक जिला संघ को एक मत देने का अधिकार होगा।

### पीजीटीआई के दूसरे भाग का कार्यक्रम घोषित

**नई दिल्ली.** 2025 सीजन के एक्शन से भरपूर और बेहद प्रतिस्पर्धी पहले भाग के बाद, प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) एक परिवर्तनकारी दूसरे भाग के लिए तैयार है, जिसमें महत्वपूर्ण नए सहयोगों की घोषणा की जाएगी और मौजूदा सहयोगों को और मजबूत किया जाएगा जो देश भर में इस खेल के विकास को तेज गति प्रदान करने का वादा करते हैं। वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में एक अग्रणी शक्ति और एक विविध एवं एकीकृत ऊर्जा प्रमुख, इंडियनऑयल, पीजीटीआई के सबसे लंबे समय तक चलने वाले आयोजन, इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स का संरक्षक रहा है, जो इस वर्ष के अंत में अपनी रजत जयंती मनाएगा। इंडियनऑयल इस वर्ष पीजीटीआई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए कई आयोजनों में अपना सहयोग बढ़ा रहा है। पीजीटीआई की इस बढ़त को नया टूर पार्टनर - अमूल, दुनिया का सबसे मजबूत खाद्य और डेयरी ब्रांड है और अपने 36 लाख किसानों के साथ, अमूल दुनिया की सबसे बड़ी किसान-स्वामित्व वाली डेयरी सहकारी संस्था भी है। भारत में एक जाना-माना नाम होने के नाते, अमूल, पीजीटीआई की ब्रांड उपस्थिति को देश भर में बढ़ाने में टूर पार्टनर के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### पंजाब एफसी ने डूरंड कप टीम घोषित की

**मोहाली.** पंजाब एफसी ने 134वें डूरंड कप के लिए अपनी 25 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट देश के विभिन्न शहरों में खेला जा रहा है। पंजाब एफसी को ग्रुप डी में रखा गया है और टीम अपने सभी ग्रुप मैच असम के कोकराझार स्थित एसएआई स्टेडियम में खेलेगी। टीम के मुख्य कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह भारतीय खिलाड़ियों से बनी युवा टीम का चयन किया है। मुख्य कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने कहा, हमने एक युवा और ऊर्जावान टीम का चयन किया है, जिसमें अधिकांश खिलाड़ी पिछले सीजन से बनाए रखे गए हैं। इसके अलावा हमने कई अकादमी खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया है, जिन्होंने रिजर्व और जूनियर स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है।



# तन्वी और वेन्नाला ने जीता कांस्य

**सोलो, 26 जुलाई ( वार्ता )** बैडमिंटन एशिया जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप 2025 में भारत का शानदार अभियान तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला द्वारा महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीतने के साथ समाप्त हुआ। यह भारत के लिए ऐतिहासिक पहला मौका था, क्योंकि इस प्रतियोगिता के एक ही संस्करण में दो महिला एकल शटलर पोडियम पर पहुंची थीं।

> ▸ एशिया जूनियर बैडमिंटन में महिला एकल में भारत को दो कांस्य पदक
>
> ▸ भारत की दो महिला शटलर्स पहली बार एक साथ पोडियम पर
>
> ▸ वेन्नाला ने सेमीफाइनल में दी कड़ी टक्कर, करीबी हार
>
> ▸ तन्वी शर्मा को भी कांटे के मुकाबले में मिली शिकस्त

> एक रोमांचक सेमीफाइनल में, वेन्नाला कलागोटला ने चीन की लियू सी या के खिलाफ बहादुरी से मुकाबला किया। दूसरे गेम में 15-20 से पिछड़ने के बाद, युवा भारतीय खिलाड़ी ने तीन मैच पॉइंट बचाकर स्कोर 18-20 कर दिया, लेकिन आखिरी क्षणों में हुई एक महत्वपूर्ण गलती के कारण लियू ने मुकाबला 21-15, 21-18 से जीत लिया। दूसरे कोर्ट पर, दूसरी वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त चीन की यिन यी किंग से हुआ। पहला गेम 13-21 से हारने के बाद, तन्वी ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली। हालांकि, यिन ने वापसी करते हुए स्कोर 8-8 कर लिया और फिर 21-13, 21-14 से जीत हासिल की। तन्वी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# डीसी ओपन सेमीफाइनल में रादुकानू-शेल्टन

## अब रादुकानू के सामने लेयला तो शेल्टन के सामने होंगे फोकिना



**वाशिंगटन 26 जुलाई.** एम्मा रादुकानू ने शुक्रवार को मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। यह 2021 यूएस ओपन खिताब के बाद उनका सबसे बड़ा टूर्नामेंट है जहां वह इतनी दूर तक पहुंची हैं।

उमस भरे दिन में, जब तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर था, रादुकानू ने दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ने के बाद अंतिम पांच गेम जीतकर मैच अपने नाम किया। इस दौरान उन्हें मेडिकल टाइमआउट भी लेना पड़ा। रादुकानू ने कहा कि यह उनके करियर के सबसे कठिन मैचों में से एक था। सेमीफाइनल में लेयला का मुकाबला 2022 विंबलडन चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डेलेना फ्रेच को 6-3, 6-3 से हराया। रादुकानू का सेमीफाइनल मुकाबला अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने चौथी वरीयता प्राप्त क्लारा टौसन को 6-3, 7-5 से हराया। पुरुष वर्ग में, बेन शेल्टन लगातार दूसरे वर्ष डीसी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे। उन्होंने एक ऑल-अमेरिकन क्वार्टर फाइनल में फ्रांसेस टियाफो को 7-6 (2), 6-4 से हराया वहीं टेलर फ्रिट्ज अलेजांद्रो डेविडोविच-फोकिना से 7-6 (7/3), 3-6, 7-5 से हार गए। फोकिना अब सेमीफाइनल में अमेरिकी बेन शेल्टन का सामना करेंगे.

# शिलांग लाजोंग एफसी की धमाकेदार शुरुआत

**शिलांग, 26 जुलाई ( वार्ता ) शिलॉन्ग लाजोंग एफसी ने 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप के ग्रुप ई के उद्घाटन मुकाबले में मलेशिया की आर्म्ड फोर्सेज फुटबॉल टीम ( एटीएम एफटी ) को 6-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की।**

> ▸ डूरंड कप में आर्म्ड फोर्सेज को 6-0 से दी करारी शिकस्त

एवरब्राइटसन साना और फ्रांगकी बुआम ने दो-दो गोल किए, जबकि ट्रेइमिकी लामुरोंग और देइबोरमेमे टोंगपर ने एक-एक गोल कर टीम की शानदार जीत में योगदान दिया। शिलॉन्ग लाजोंग के कोच बीरेन्द्र थापा ने युवा खिलाड़ियों के साथ 4-3-3 फॉर्मेशन में टीम उतारी, जिसमें शीन स्टीवेन्सन, फ्रांगकी बुआम और एवरब्राइटसन साना (फॉल्स नाइन की भूमिका में) अग्रिम पंक्ति में खेले। दूसरी ओर, मलेशियाई टीम के कोच मोहम्मद खैरिल हफीज मोहम्मद जांगी ने भी उसी फॉर्मेशन में मजबूत एकादश उतारी, जिसमें मोहम्मद सुहाइम, नासिर यासा और इब्रामिन मुहम्मत मोहा आक्रमण में शामिल थे।

मैच की शुरुआत से ही शिलॉन्ग ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार दबाव बनाया। 12वें मिनट में शीन स्टीवेन्सन द्वारा शुरू की गई फ्री-किक मूव के बाद रूद्र वेद की शानदार क्रॉस पर एवरब्राइटसन साना ने हेडर के जरिए पहला गोल दागा।

### साथियान-आकाश ने जीता युगल खिताब

**चेन्नई 26 जुलाई.** भारतीय पैडलर्स ज्ञानशेखरन साथियान और आकाश पाल ने शनिवार को डब्ल्यूटीटी कंटेंडर लागोस पुरुष युगल का खिताब जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में फ्रांस के लियो डी नोडरेस्ट और जूल्स रोलैंड को हराया। भारतीय जोड़ी ने 22 मिनट से भी कम समय में यह खिताब अपने नाम किया, जिसमें उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को 11-9, 11-4, 11-9 से मात दी। दिन में बाद में, श्रीजा अकुला महिला एकल फाइनल में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त होनोका हाशिमोटो से भिड़ेंगी।

# ऑल-स्टार गेम छोड़ने पर मेसी निलंबित

**ऑस्टिन ( टेक्सास ) 26 जुलाई.** लियोनेल मेसी को एमएलएस ऑल-स्टार गेम में शामिल न होने के कारण एमएलएस द्वारा एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है।

> ▸ नियमों के तहत एक मैच से बाहर
>
> ▸ इंटर मियामी ने जताई नाराज़गी



इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने शुक्रवार को कहा कि मेसी और इंटर मियामी के उनके साथी खिलाड़ी जोर्डी अल्बा को बुधवार को ऑस्टिन, टेक्सास में लीगा एमएक्स ऑल-स्टार्स के खिलाफ एमएलएस ऑल-स्टार्स की 3-1 की जीत में शामिल न होने के लिए शुक्रवार को प्रतिबंधित किया गया। दोनों खिलाड़ियों को प्रशंसकों और मीडिया द्वारा इस प्रदर्शन के लिए वोट दिया गया था, लेकिन दोनों में से कोई भी इसमें शामिल नहीं हुआ।

अल्बा और मेसी फोर्ट लॉडरडेल, फ्लोरिडा में शनिवार को एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ इंटर मियामी के मैच के लिए अनुपलब्ध रहेंगे। लीग के लंबे समय से चले आ रहे नियमों में बिना अनुमति के ऑल-स्टार गेम में शामिल न होने वाले खिलाड़ियों के लिए एक मैच का निलंबन का प्रावधान है, लेकिन इससे मास को इस फैसले पर टीम की निराशा व्यक्त करने से नहीं रोका जा सका।

# चौथे दिन चट्टान बने गिल और राहुल

## 311 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दिखाई जुझारू बल्लेबाज़ी

**मैनचेस्टर 26 जुलाई.** भारत-इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का चौथा मुकाबला मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेला जा रहा है. इस मुकाबले का चौथा दिन बेहद रोमांचक रहा. इंग्लैंड की पहली पारी 669 के स्कोर पर सिमटी. इंग्लैंड ने 311 रनों की लीड बनाई थी.

इसके जवाब में भारत की दूसरी पारी की शुरुआत भी बेहद खराब रही है. यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन बिना खाता खोले आउट हो गए. लेकिन इसके बाद केएल राहुल और शुभमन गिल ने मोर्चा संभाला. दोनों ने शानदार बल्लेबाजी की. दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 174 रन बना लिए. गिल नाबाद 78 और केएल राहुल नाबाद 87 रन बनाकर लौटे. भारत अभी इंग्लैंड की लीड से 137 रन पीछे है. बता दें कि इस मुकाबले में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 358 रन बनाए थे.

> **टीम इंडिया की दूसरी पारी में वापसी**
>
> भारत की दूसरी पारी की शुरुआत बेहद खराब रही, जब उसने शुरुआती झटके में दो विकेट गंवा दिए, लेकिन इसके बाद गिल और केएल राहुल चट्टान की तरह जम रहे. चौथा टेस्ट जसप्रीत बुमराह के लिए किसी बुरे सपने की तरह साबित हुआ है. बुमराह के 7 साल के टेस्ट करियर में ऐसा पहली बार हुआ है जब उन्होंने टेस्ट मैच की किसी एक ही पारी में 100 से ज्यादा रन लुटाए हैं.

**खुलासा** ▸ जांच आयोग ने आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित माना

# चिन्नास्वामी स्टेडियम असुरक्षित घोषित

**बेंगलुरु, 26 जुलाई ( वार्ता )** गत चार जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विक्ट्री परेड के दौरान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई दुखद भगदड़ की जांच के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति जॉन माइकल कुन्हा आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि यह स्थल बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रमों की सुरक्षित मेजबानी के लिए उपयुक्त नहीं है। अपनी रिपोर्ट में, आयोग ने कहा कि स्टेडियम का डिजाइन और संरचना स्वाभाविक रूप से सामूहिक समारोहों के लिए अनुपयुक्त और असुरक्षित है।



आयोग ने आगे चेतावनी दी है कि इस स्थल पर उच्च-उपस्थिति वाले कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने से सार्वजनिक सुरक्षा, शहरी गतिशीलता और आपातकालीन तैयारियों के लिए अस्वीकार्य जोखिम वाली स्थिति पैदा हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, आरसीबी के इवेंट पार्टनर डीएनए एंटरटेनमेंट और कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को इस दुखद भगदड़ में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया है, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक घायल हो गए थे।

> **जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश**
>
> पैनल ने केएससीए प्रमुख रघुराम भट, पूर्व सचिव ए. शंकर, पूर्व कोषाध्यक्ष ई.एस. जयराम (दोनों ने घटना के बाद नैतिक जिम्मेदारी का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था) के अलावा आरसीबी के उपाध्यक्ष राजेश मेनन, डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स के एमडी टी. वेंकट वर्धन और उपाध्यक्ष सुनील माथुर के खिलाफ भी कार्रवाई की सिफारिश की है। इसमें यह भी कहा गया है कि पुलिस अधिकारी बी. दयानंद, विकास कुमार, शेखर एचटी, सी. बालकृष्ण और ए.के. गिरीश – जिन्हें घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने अपने पदों से हटा दिया था – ये सभी बंदोबस्त का हिस्सा होने के लिए जिम्मेदार थे। कर्नाटक सरकार, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हैं, जिन्होंने जीत के तुरंत बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट में विधान सौध की सीढ़ियों पर जश्न मनाने का आह्वान किया था, उन पर भी अगली कैबिनेट बैठक में निर्णय लिए जाने की उम्मीद है।